
CCI NG 3.7 Product: HelloDelhiBS PubDate: 06-03-2026 Zone: HelloDelhi Edition: 1 Page: HDFP User: cci Time: 03-05-2026 15:32 Color:




नवभारत टाइम्स NBT
# Delhi Times
masala mix
FRIDAY, MARCH 6, 2026
ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT, PROMOTIONAL FEATURE



अक्षय-परेश की 'भागम भाग 2' की शूटिंग रुकी

देखें अंदर

# 'टॉक्सिक' की रिलीज पोस्टपोन, 'धुरंधर 2' के लिए मैदान साफ



## फिल्म रिलीज शेड्यूल

| | |
|---|---|
| नखरा - | 5 मई |
| पति पत्नी और वो 2 - | 15 मई |
| टॉक्सिक - | 4 जून |
| है जवानी तो इश्क होना है - | 5 जून |
| इम्तियाज अली फिल्म - | 12 जून |
| वेलकम टु जंगल - | 26 जून |

**टॉक्सिक के पोस्टपोन होने के चलते ईद पर धुरंधर 2 के लिए मैदान साफ हो गया है। लेकिन जून में टॉक्सिक की रिलीज के चलते कई बॉलिवुड फिल्मों की रिलीज डेट एक बार फिर आगे-पीछे हो सकती है:**

प्रशांत जैन

इस साल काफी लंबे अरसे बाद होली के त्योहार पर कोई हिंदी फिल्म रिलीज नहीं हुई। अब फिल्मवालों और सिनेमावालों से लेकर दर्शकों तक हर किसी को ईद वीकेंड पर होने वाले रणवीर सिंह की धुरंधर 2 व यश की टॉक्सिक के मुकाबले का इंतजार था। लेकिन ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच चल रहे युद्ध के कारण मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ने के चलते टॉक्सिक के निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज को टाल दिया। उनका कहना है कि फिल्म ग्लोबल ऑडियंस के लिए बनाई गई है। मिडिल ईस्ट में मौजूदा तनाव के चलते फिल्म को 4 जून के लिए पोस्टपोन कर दिया गया है।

### खुश हैं फिल्म इंडस्ट्री वाले

टॉक्सिक की रिलीज टलने से एग्जिबिटर्स से लेकर फिल्म इंडस्ट्रीवालों तक में खुशी का माहौल है। वहीं दर्शक भी इसलिए खुश हैं कि एक ही रिलीज डेट पर दो चहेते सितारों की फिल्म सिनेमा पर देखना उनके लिए काफी महंगा पड़ने वाला था। फिल्मी दुनिया के जानकार कहते हैं कि इस क्लैश के टलने से धुरंधर 2 को काफी फायदा होगा और उसे सारी स्क्रीन मिल जाएंगी। धुरंधर 2 को साउथ मार्केट में टॉक्सिक के आगे जाने का फायदा मिलेगा। वहीं सिनेमावालों का कहना है कि टॉक्सिक के आगे जाने से उनके सामने दोनों फिल्मों में शो के बंटवारे की चुनौती खत्म हो गई।



टॉक्सिक में यश और कियारा आडवाणी

### फिर गड़बड़ाएगा रिलीज शेड्यूल?

इस साल हिंदी फिल्मों का रिलीज कैलेंडर पहले ही धुरंधर 2 की ईद पर रिलीज के चलते कई बार गड़बड़ा चुका है। अब चर्चा है कि टॉक्सिक की रिलीज जून में जाने के चलते समर सीजन में बॉलिवुड फिल्मों का रिलीज शेड्यूल फिर गड़बड़ा सकता है। जानकार कहते हैं कि निर्माता अपनी फिल्म को किसी बड़ी फिल्म के दो हफ्ते पहले और तीन हफ्ते बाद तक रिलीज करने से बचते हैं। ऐसे में टॉक्सिक की रिलीज पोस्टपोन होने का असर मई-जून में रिलीज होने वाली फिल्में पति पत्नी और वो, है जवानी तो इश्क होना है, इम्तियाज अली की अनाम फिल्म और वेलकम टु जंगल पर पड़ सकता है।

# VIROSH के वेडिंग रिसेप्शन में सितारे

रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा का वेडिंग रिसेप्शन हैदराबाद के एक फाइव स्टार होटल में रखा गया जिसमें साउथ फिल्म इंडस्ट्री और बॉलिवुड के तमाम बड़े दिग्गज सितारे पहुंचे। रिसेप्शन पार्टी में जहां रश्मिका और विजय ट्रडिशनल अवतार में नजर आए तो वहीं उन्हें आशीर्वाद देने चिरंजीवी, रवि तेजा, चिन्मयी श्रीपदा, श्रीलीला भी पहुंचे। वहीं रामचरण वहां अपनी पत्नी उपासना के साथ पहुंचे। बॉलिवुड की बात करें तो रश्मिका के साथ कॉकटेल 2 में काम करने वाली कृति सेनन वहां करण जौहर के साथ पहुंचीं। वहीं मृणाल ठाकुर ने भी वहां पहुंचकर रश्मिका-विजय को शुभकामनाएं दीं।



विरोश के साथ कृति सेनन

CONTINUED ON ▸ 3

## बिंदास BOL

**मिडल ईस्ट में चल रहे संघर्ष का भारतीय फिल्म इंडस्ट्री पर क्या असर पड़ेगा?**

अपने विचार आप 200 शब्दों में भेज सकते हैं। चुनिंदा जवाबों को हम प्रकाशित करेंगे।

जवाब भेजने के लिए QR कोड को स्कैन करें या 9220747220 पर वॉट्सऐप करें। जवाब dtmmresponse@timesofindia.com पर ईमेल भी कर सकते हैं। साथ में अपना नाम और Social लिखें।

पिछले सवाल का जवाब पेज 2 पर

## Buzzstop

### भूमि ने माना, करियर में गलतियां कीं



भूमि पेडनेकर ने हाल ही में कहा कि मैंने गलतियां की हैं। कभी-कभी आप 200 करोड़ रुपए वाली फिल्म के लालच में आ जाते हैं। मगर जिस चीज पर मैं समझौता नहीं करूंगी, वह यह कि मैं ऐसा कोई रोल नहीं करूंगी जिसमें मेरे जेंडर का अपमान हो।

### हॉलिवुड में काम करना चाहती हैं रिचा



रिचा चड्ढा का कहना है कि अगर मौका मिले है तो वह अपने पति अली फजल के नक्शे-कदम पर चलते हुए हॉलिवुड में काम करना चाहेंगी। रिचा ने कहा, 'मैं अली फजल के कदमों पर चलना पसंद करूंगी और चाहूंगी कि हॉलिवुड में मुझे कुछ अच्छा मिले। उसने हॉलिवुड और बॉलिवुड में अच्छा काम किया है।

# पर्दे पर रिटायर सुपरहीरो बनेंगे सलमान खान!



सलमान खान और फिल्ममेकर राज एंड डीके पिछले तीन महीनों से एक साथ फिल्म करने पर चर्चा कर रहे थे। अब खबर है कि राज एंड डीके और सलमान ने एक प्रोजेक्ट को फाइनल कर लिया है। खबरों के अनुसार, राज और डीके सलमान खान के लिए एक सुपरहीरो फिल्म की कहानी तैयार कर रहे हैं।

सूत्र बताते हैं, 'इस फिल्म में सलमान खान एक ऐसे सुपरहीरो के रोल में नजर आएंगे जो रिटायर हो गया है। लेकिन हालात उसे शांति से रहने नहीं देते और अंत में उसे फिर से एक्शन अवतार में आना पड़ता है।' सूत्र कहते हैं कि सलमान खान को फिल्म का आइडिया काफी पसंद आया और अब वह राज और डीके की ओर से एक अच्छे स्क्रीनप्ले का इंतजार कर रहे हैं। बकौल सूत्र, सलमान इस फिल्म के बजट को लेकर थोड़ा चिंतित हैं। उन्होंने राज और डीके से सही बजट में फिल्म तैयार करने को कहा है क्योंकि वह कोई बहुत महंगी सुपरहीरो फिल्म नहीं करना चाहते।

### शूटिंग सेट अस्पताल के पास शिफ्ट

कुछ दिनों से सलमान खान के पिता सलीम खान की तबीयत खराब है जिस वजह से आईसीयू में भर्ती हैं। इसी वजह से सलमान खान ने अपनी फिल्म बैटल ऑफ गलवान का सेट अस्पताल के पास महबूब स्टूडियो में शिफ्ट करवा लिया है। बताया जा रहा है कि सलमान खान इस फिल्म की शूटिंग नहीं रोकना चाहते मगर इस समय पिता के नजदीक भी रहना चाहते हैं। ऐसे में उन्होंने अस्पताल के पास ही फिल्म बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग करने का फैसला लिया है।

@sonalchauhan @sonu_sood

# दुबई में फंसी लारा, भारत लौट आईं सोनल



**मिडल ईस्ट में हो रहे संघर्ष के बीच तमाम भारतीय फंसे हुए हैं जबकि कुछ धीरे-धीरे वापस आ रहे हैं। लारा दत्ता अपनी बेटी के साथ अभी वहां फंसी हुई हैं। उन्होंने बताया कि वह काफी डरी हुई हैं। वहीं सोनल चौहान भारत लौट आईं। सोनू सूद ने दुबई में फंसे लोगों के लिए रहने की फ्री सुविधा की घोषणा की:**

### असुरक्षित नहीं, मगर डर जरूर है : लारा दत्ता

लारा दत्ता ने बताया कि वह अपनी बेटी सायरा के साथ दुबई में हैं। उन्होंने कहा, 'जब यह सब शुरू हुआ, तब वह शूटिंग कर रही थीं। अचानक उन्हें जोरदार धमाकों की आवाजें सुनाई दीं। यह सब कुछ अचानक और डराने वाला था।' उन्होंने आगे कहा, 'पिछले कुछ दिन से यहां काफी तनाव है। मैं एक सुरक्षित इलाके में हूं, लेकिन तेज धमाकों की वजह से खिड़कियां हिल रही हैं। इसके बावजूद मुझे एक बार भी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि मैं असुरक्षित हूं। डर और असहजता जरूर है।'



### भारत आकर मैं शुक्रगुजार महसूस कर रही हूं: सोनल

सोनल चौहान ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भारत वापस आकर वह बहुत शुक्रगुजार महसूस कर रही हैं। फैंस, दोस्तों और सभी लोगों के प्यार, दुआ और मैसेज के लिए उन्होंने दिल से शुक्रिया अदा किया। सोनल चौहान ने कहा कि अब वह सुरक्षित रूप से भारत में हैं। पिछले कुछ दिन उनके लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहे। हालांकि इस दौरान उन्होंने दुबई के लोगों का जबरदस्त जोश, हिम्मत और अपनी सरकार पर गहरा भरोसा देखा। सोनल ने दुबई के अधिकारियों का विशेष रूप से आभार जताया। उन्होंने लिखा कि मुश्किल समय में दुबई प्रशासन ने सभी को सुरक्षित और शांत रखा। हर चीज को बहुत सावधानी, जिम्मेदारी और देखभाल से संभाला गया, ताकि वहां मौजूद हर व्यक्ति सुरक्षित महसूस करे।



### फंसे लोगों को देंगे रुकने की जगह: सोनू सूद

वहीं सोनू सूद ने कहा कि वह दुबई में फंसे सभी यात्रियों को रहने के लिए मुफ्त जगह उपलब्ध करवाएंगे, फिर भले ही वह भारतीय हो या अन्य किसी देश का। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक विडियो अपलोड किया और कहा, 'कोई भी जो इस समय दुबई में फंसा हुआ है, उन्हें रुकने की जगह मिलेगी। जो लोग भी हमारे हिंदुस्तानी हैं या किसी भी देश के लोग दुबई में फंसे हैं, आप लोग मुझे इंस्टाग्राम पर मैसेज कीजिए और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आपके पास रुकने की फ्री जगह हो, जब तक आप अपने देश ना पहुंच जाएं।'

CCI NG 3.7 Product: HelloDelhiBS PubDate: 06-03-2026 Zone: HelloDelhi Edition: 1 Page: HDDPRD User: cci Time: 03-05-2026 14:58 Color:



# फैशन सॉफ्ट रोमांटिक ड्रेसिंग का


ग्रीन चेकर प्रिंट ड्रेस के आउटफिट, छुट्टियों या स्टाइलिश मैटरनिटी वियर के लिए बेहतरीन विकल्प है

अनधा सावंत

आज के दौर में कई लोग हल्के-फुल्के कपड़े पहनना चुन रहे हैं। ऐसे कपड़े, जिसे पहनकर उन्हें किसी जादुई दुनिया जैसा अहसास हो। इसी को कहते हैं पोएटकोर: मुलायम, यादों को तरोताजा करने वाला और रोमांटिक अहसास दिलाने वाला ड्रेसिंग ट्रेंड। इसमें हल्के रंग, ढीले-ढाले कपड़े, पुराने बुने हुए कपड़े शामिल होते हैं। ये ड्रेसेज भड़कीली या भारी-भरकम लगने की बजाय ऐसा अहसास कराती हैं कि असल में आपने कुछ अच्छा पहना है। एक ताजा ट्रेंड रिपोर्ट बताती है कि यह साहित्यिक स्टाइल धीमे-धीमे बढ़ रहा है। 'पोएट एस्थेटिक' और 'पोएटकोर आउटफिट्स' को लेकर सर्च करने वालों में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है, क्योंकि फैशन अब टेक्सचर, फीलिंग्स और स्टोरी की तरफ पहले के मुकाबले काफी ज्यादा झुक रहा है।


डकोटा जॉनसन का ये आरामदायक ऊनी कोट पोएटकोर रेडी स्टाइलिंग के लिए विकल्प हो सकता है

## क्या पोएटकोर अब फैशन से दूर हो गया है?

एक्सपर्ट ऐसा नहीं सोचते हैं। वे कहते हैं कि ये एक बदलाव को जाहिर करता है। ये दूसरों को इंप्रेस करने के लिए कपड़े पहनने से लेकर खुद को अच्छा फील कराने के लिए किसी ड्रेस को कैरी करने की सोच के बारे में है। मनीष पूनम कहते हैं, 'जब मैं कपड़े पहनता हूं तो म्यूजिक से मेरा मूड बन जाता है। कुछ दिन सॉफ्ट म्यूजिक की प्लेलिस्ट मुझे हल्के रंग वाली लिनन लेयर ड्रेस कैरी करने के लिए प्रेरित करती हैं तो बाकी दिन मेरे कपड़े मुझे कैसा संगीत सुनना है, उसके लिए इंस्पायर्ड करते हैं। ये भावनात्मक बदलाव मुझे अपनेपन का अहसास अच्छा कराता है।'

## फैब्रिक पोएटकोर को डिफाइन करते हैं

ऐसे मटेरियल को चुनें जो आपके बॉडी मूव के दौरान आसानी से एडजस्ट हो सकें, जैसे कॉटन वॉयल, लिनन, सिल्क ब्लेंड्स, वर्स्टेड वूल और हवादार नेचुरल फाइबर। फैशन इन्फ्लुएंसर मनीष पूनम का कहना है, 'ड्रेस के आकार आरामदायक, चिकने और थोड़े ओवरसाइज्ड होते हैं, मगर कभी भी टाइट नहीं होते। इस स्टाइल में कुछ भी जबरदस्ती पहना हुआ या भड़कीला नहीं लगता, सब कुछ ऐसा लगता है जैसे कुछ अच्छा और सोच-समझकर कैरी किया है।


कल्कि कोचलिन ने रेडिश-ब्राउन रंग की आरामदायक ड्रेस चुनी


जेक जिलएनहॉल का भूरे रंग का, टेक्सचर्ड, लॉन्ग स्लीव वाला क्रूनेक स्वेटर रोजाना कैरी कर सकते हैं


सबा आजाद की हल्के गुलाबी रंग की फ्लावी ड्रेस जिसमें डॉट्स हैं

## पोएटकोर स्टाइल ऐसे करें कैरी

पोएटकोर स्टाइल अपनाने के लिए छोटे-छोटे स्टेप्स अपनाएं। फैशन एक्सपर्ट अपर्णा थॉमस कहती हैं, 'आप इसे एक सिग्नेचर पीस से शुरू करें, जैसे एक अच्छी फिटिंग वाला ब्लेजर या एक अच्छी क्वालिटी का लेदर बैग और इसे मॉडर्न बेसिक चीजों के साथ पहनें। दरअसल, इसमें सबसे असली बात है बैलेंस को बनाए रखना।' अपर्णा का कहना है कि बहुत ज्यादा पुरानी चीजों को एक साथ कैरी करने की बजाय विंटेज से प्रेरित चीजों को आज के दौर की चीजों के साथ मिक्स एंड मैच करें।

## ये गलतियां करने से बचें

- लुक को ओवरलोड न करें। बहुत ज्यादा रोमांटिक चीजें कैरी करना स्टाइल को एक सामान्य लुक जैसा बना सकती है
- फिट और स्ट्रक्चर को प्राथमिकता दें। ओवरसाइज्ड कपड़े ऐसे लगने चाहिए जैसे उसे आपने जानबूझकर पहना है
- पीसफुल एलिगेंस के लिए गहराई-टेक्सचर वाले कपड़े चुनें
- आपकी ड्रेस ऐसी होनी चाहिए जो पर्सनैलिटी को बढ़ाए ना कि उसे छुपाए।

> पोएटकोर एक गुजरा हुआ स्टाइल नहीं है, बल्कि सोच-समझकर अपनाने वाला फैशन है। भावनाओं, शिल्प और किसी भी समय पहने जाने वाला यह डिजाइन ऐसे कपड़ों की बढ़ती चाहत से मेल खाता है जो ज्यादा मीनिंगफुल महसूस हों।
> -अलेना जैद, (एक फैशन ब्रैंड की फाउंडर)

> सोशल मीडिया ने पोएटकोर को आम लोगों तक पहुंचाया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स इसे एक्सप्लोर करना आसान बनाते हैं, लेकिन प्रेरणा कभी नकल नहीं बननी चाहिए।
> -अपर्णा थॉमस, फैशन इन्फ्लुएंसर


एरियाना ग्रांडे ने गोल्डन ग्लोब्स 2026 में सिंपल ऑफ शोल्डर विवियन वेस्टवुड गाउन पहना था

# कोरियन दादी अम्मा का 'किमजांग' स्टाइल युवाओं को खूब आ रहा है पसंद


वैलेंटिनो के वेस्ट की युवाओं में इस वक्त काफी मांग है। इसमें वाइब्रेंट फ्लोरल टेपेस्ट्री पैटर्न के साथ गले और कंधों पर फर का इस्तेमाल किया गया है।

मॉन्क्लेयर का रिवर्सिबल फ्लोरल डाउन वेस्ट काफी पॉपुलर है जिसमें रंग-बिरंगे फूल बने हैं। यह बेहद स्टाइलिश भी है।


कोरिया का एक ट्रेडिशनल पहनावा, किमजांग वेस्ट अचानक से फैशन की दुनिया में सुर्खियों में आ गया है। इस स्लीवलेस क्विल्टेड (रजाई जैसी सिली हुई) फ्लोरल वेस्ट को आमतौर पर बुजुर्ग महिलाएं सालाना किमची बनाने की सांस्कृतिक रस्म 'किमजांग' के दौरान पहनती हैं। अब बड़े लग्जरी फैशन ब्रैंड्स और युवाओं के स्ट्रीट स्टाइल में इसका असर दिख रहा है। वैलेंटिनो और मॉन्क्लेयर जैसे इंटरनैशनल फैशन हाउस ने इस वेस्ट से प्रेरित होकर अपने हाई-एंड वर्जन लॉन्च किए हैं, जिनकी कीमत लाखों में है। वहीं K-pop स्टार्स के बीच यह लुक ग्रैनीकोर फैशन ट्रेंड के तौर पर फेमस हो रहा है। इस ट्रेंड में दादी के जमाने के रेट्रो कपड़ों को नए अंदाज में पहना जाता है।



टेयॉन ने भी इस ट्रेंड को अपनाया है


एस्पा (Aespa) की करीना भी इस फैशन ट्रेंड में शामिल हो गई हैं

ब्लैकपिंक की जेनी ने सोशल मीडिया पर किमजांग वेस्ट पहने अपनी फोटो शेयर की है




## बिंदास BOL

### फिल्मों में विलेन को हीरो जैसा दिखाना समाज पर क्या असर डालता है?

सवाल पर पाठकों की राय

एक दर्शक के रूप में मुझे बॉलिवुड और दक्षिण भारतीय फिल्मों का अंतर बहुत 'वैज्ञानिक' लगता है। बॉलिवुड में नायक पहले प्रेम करता है, दो-तीन गाने गाता है और अंत में विलेन से बदला लेता है। वहीं दक्षिण भारतीय फिल्मों में नायक का परिचय ही ऐसा होता है कि वह दरवाजा नहीं खोलता, दरवाजा खुद सम्मान में खुल जाता है। यहां नायक एक थप्पड़ मारता है तो आसपास की हवा और धूल भी आगे बढ़ जाती है। सीधी बात यह है कि बॉलिवुड का नायक हमें प्यार करना सिखाता है और दक्षिण भारतीय फिल्मों का नायक हमें यह विश्वास दिलाता है कि यदि आत्मविश्वास मजबूत हो, तो गुरुत्वाकर्षण भी केवल एक औपचारिकता है। -अरुण कोठारी

जितना हिंदी फिल्में कमाती हैं, साउथ की फिल्में उससे चार गुना कमा जाती हैं। हिंदी फिल्मों में काम करने वाला स्टाफ और कलाकार कुछ हिंदी बोलते हैं, तो कुछ अंग्रेजी। साउथ की फिल्मों में पूरी फिल्म की टीम एक ही भाषा बोलती है, जिसका असर फिल्म पर भी पड़ता है। हिंदी फिल्मों के निर्माता सिर्फ रीमेक या सीक्वल ही बनाते रहते हैं। -बालकृष्ण अग्रवाल

# एथनिक लुक में चोटी का नया ट्रेंड स्लीक ब्रेडेड हेयर


बालों में जेल लगाकर बीच से मांग निकालें। फिर लो पोनी बनाकर चोटी गूंथें।

हाल के दिनों में एथनिक फैशन के साथ क्लासिक चोटी का मॉडर्न अंदाज फिर चर्चा में है। खासकर जाह्नवी कपूर और भूमि पेडनेकर जैसी सिलेब्रिटीज इस स्लीक ब्रेडेड हेयर-स्टाइल में नजर आए।

## स्लीक सेंटर-पार्ट ब्रेडेड

यह क्लासिक भारतीय चोटी का मॉडर्न वर्जन माना जाता है, जिसमें बालों को स्लीक तरीके से पीछे बांधकर लंबी चोटी बनाई जाती है। अक्सर इसमें हेयर जूलरी, पिन या पारंपरिक एक्सेसरी जोड़कर लुक को और ग्लैमरस बनाया जाता है। इसमें बालों को दो हिस्सों में बांटकर साफ-सुथरी चोटियां बनाई जाती हैं, जो चेहरे को फ्रेम करने के साथ एथनिक आउटफिट को मॉडर्न टच देती हैं। ओवल, हार्ट और लॉन्ग फेस शेप पर यह खास अच्छा लगता है। साड़ी, लहंगा या फ्यूजन एथनिक आउटफिट के साथ यह स्टाइल बेहद आकर्षक दिखता है।

## क्यों लोकप्रिय हो रहा है ट्रेंड

- एथनिक + मॉडर्न लुक: पारंपरिक चोटी को स्टाइलिश अपील मिलती है
- लॉन्ग-लास्टिंग स्टाइल: लंबे समय तक सेट रहता है।
- फोटो-फ्रेंडली: क्लीन पार्टिंग और एक्सेसरी से लुक ज्यादा उभरता है।

CCI NG 3.7 Product: HelloDelhiBS PubDate: 06-03-2026 Zone: HelloDelhi Edition: 1 Page: HDMMM User: cci Time: 03-05-2026 15:08 Color:



Photos: Yogen Shah

# VIROSH को बधाई देने पहुंचे कई सितारे




मृणाल ठाकुर

अल्लू अर्जुन के साथ विजय-रश्मिका

कृति सेनन

करण जौहर

राम चरण

# 'अपनी बीमारी पर बात करना सुकून भरा रहा'

@lilyjcollins



**लिली कॉलिन्स**

> मैं हमेशा से ही इन बीमारियों को लेकर लोगों के बीच ज्यादा जागरूकता और समझ बढ़ाने की पक्षधर रही हूं

एमिली इन पैरिस फेम लिली कॉलिन्स ने हाल ही में एक पोस्ट में साझा किया कि कैसे उन्होंने अपनी जिंदगी के एक बड़े हिस्से में ईटिंग डिसऑर्डर का सामना किया और इसने उन्हें एक व्यक्ति के रूप में कैसे गढ़ा। लिली ने लिखा, 'एक ऐसे इंसान के तौर पर, जिसने खुद ईटिंग डिसऑर्डर का सामना किया है, मैं हमेशा इन बीमारियों को लेकर ज्यादा जागरूकता और समझ बढ़ाने की पक्षधर रही हूं।' उन्होंने आगे बताया कि ऐसी समस्याओं से उबरने का रास्ता (रिकवरी) हर किसी के लिए बहुत अलग हो सकता है। लिली ने आगे कहा कि ईटिंग डिसऑर्डर के बारे में खुलकर बात करना उनकी जिंदगी के सबसे डरावने अनुभवों में से एक था। वह कहती हैं, 'लेकिन यह उतना ही सुकून देने वाला भी रहा है। अगर मेरी कहानी साझा करने से रिकवरी की राह पर चल रहे किसी एक व्यक्ति की भी मदद होती है, तो मेरा यह कदम पूरी तरह सार्थक है।' उन्होंने यह भी कहा कि उनकी फिल्म टू द बोन ने उन्हें उन लोगों से जुड़ने में मदद की जो इसी तरह के संघर्षों से गुजर रहे हैं। पिछले कुछ सालों में लिली अपने ईटिंग डिसऑर्डर के सफर को लेकर काफी मुखर रही हैं। उन्होंने 2017 की फिल्म टू द बोन में भी काम किया, जिसमें उन्होंने इस मुद्दे के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाई। लिली ने इस विषय पर अपनी एक किताब भी लिखी है, जिसका नाम अनफिल्टर्ड: नो शेम, नो रिग्रेट्स, जस्ट मी है। इस किताब में उन्होंने खुलासा किया कि उनकी यह समस्या तब शुरू हुई थी जब वह सिर्फ 16 साल की थीं और उनके पिता और सौतेली मां अलग हुए थे।

# बड़े पर्दे पर आएगी 'गेम ऑफ थ्रोन्स'



गेम ऑफ थ्रोन्स सीरीज के एक सीन में एमिलिया क्लार्क और पीटर डिंक्लेज

मशहूर टेलिविजन सीरीज गेम ऑफ थ्रोन्स पर अब एक फिल्म बनने जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेकर्स गेम ऑफ थ्रोन्स यूनिवर्स पर एक फिल्म बना रहे हैं और इसके लिए बाकायदा ब्यू विलिमॉन को राइटर के रूप में लिया गया है। ब्यू विलिमॉन हाउस ऑफ कार्ड्स जैसे शो लिखने के लिए चर्चित हैं। हालांकि फिल्म की कहानी को लेकर अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन यह साफ हो गया है कि प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो चुका है। रिपोर्ट्स में पहले बताया गया था कि यह फिल्म महान विजेता ऐगन I टारगैरियन पर आधारित हो सकती है, जिन्होंने कहानी के मुताबिक टारगैरियन राजवंश की नींव रखी थी। हालांकि, इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं दी गई है। तो वहीं गेम ऑफ थ्रोन्स के कई स्पिन ऑफ पर काम चल रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ऐगन्स कोनक्वेस्ट फिलहाल बन रही है। इससे द बैटमैन: पार्ट 2 के लेखक मैटसन टॉमलिन जुड़े हुए हैं। एनिमेटेड सीरीज नाइन वॉयेजेस भी डेवलपमेंट में है, जबकि नाइमेरियाः टेन थाउज़ेंड शिप्स, इबोनी थूम द्वारा लिखी जा रही है।

## इन स्पिन-ऑफ की हो चुकी हैं घोषणाएं

पिछले कुछ सालों में गेम ऑफ थ्रोन्स की कई स्पिन-ऑफ सीरीज की घोषणा की गई थी, जिनमें लाउडस ऑफ ड्रैगन्स और द नाइट ऑफ सेवेन किंगडम्स शामिल हैं। इसके अलावा ब्लडमून (या द लॉन्ग नाइट), मुख्य किरदार जॉन स्नो पर आधारित शो स्नो, किंग लैंडिंग के लोगों के जीवन पर फ्ली बॉटम और दूम ऑफ वैलेरिया भी गेम ऑफ थ्रोन्स की स्पिनऑफ थे, लेकिन बाद में इन सीरीज को रद्द कर दिया गया। गौरतलब है कि ये सभी सीरीज जॉर्ज आर आर मार्टिन के उपन्यासों पर आधारित हैं।

# सिलेब्स को बदनाम करने वाले कैंपेन पुराने: अदिति

@aditiraohydari



अदिति राव हैदरी ने माना है कि पैसे देकर किसी शख्स के खिलाफ नेगेटिविटी फैलाने के ट्रेंड की वजह से अब एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में टिकना पहले से ज्यादा मुश्किल हो गया है। एक बातचीत में उन्होंने बताया है कि इन दिनों कैसे सोशल मीडिया पर होने वाली चर्चाएं अक्सर लोगों के लिए परेशान करने वाली हो जाती है। अदिति ने कहा, 'सिलेब्रिटी को बदनाम करने वाले कैंपेन नए नहीं हैं, लेकिन मैं इसे अपने आस-पास हर समय देखती हूं। कभी-कभी, मैं अपने बारे में भी फालतू की बातें पढ़ती हूं। मैं उन्हें अनदेखा कर देती हूं क्योंकि मुझे पता है कि इसके पीछे कोई न कोई एजेंडा है।' अदिति का कहना है कि ऑनलाइन कंटेंट की बाढ़ की वजह से आज के समय में सच और अफवाह के बीच फर्क करना पहले से ज्यादा मुश्किल हो गया है। वह कहती हैं, 'इन प्लेटफॉर्म्स पर भी बहुत सारी गलत जानकारी मौजूद है जिन्हें लोग तथ्यात्मक मान लेते हैं। इसमें पेड नेगेटिविटी और छिपे हुए एजेंडे भी जोड़ दें, तो माहौल बहुत खराब हो जाता है। कभी-कभी बहुत ज्यादा जानकारी भी बोझ बन जाती है। ऐक्टर्स के इर्द-गिर्द जो एक रहस्य बना रहता था, वह आज के समय में खत्म सा हो गया है।'

## 'आलोचना के समय मां की सीख को याद करती हूं'

इस बातचीत में अदिति ने स्वीकार किया कि आलोचनाओं का सामना करना हमेशा आसान नहीं होता, लेकिन वह इसे अपनी मानसिक शांति भंग नहीं करने देतीं। वह कहती हैं कि ऐसे समय में उन्हें अपनी मां की दी हुई सीख ही याद आती है। अदिति ने कहा, 'मेरी मां बचपन में हमेशा कहा करती थीं कि जब भी कोई व्यक्ति आपके साथ बुरा व्यवहार करता है, तो समस्या आपमें नहीं, बल्कि असल में उनके भीतर होती है।' अदिति ने आगे कहा, 'यही बात मुझे शांत और स्थिर रखती है।'

> कभी-कभी मैं अपने बारे में भी फालतू की बातें पढ़ती हूं। मैं उन्हें अनदेखा कर देती हूं क्योंकि मुझे पता है कि इसके पीछे कोई न कोई एजेंडा है

GOODCARE
Authentic Ayurveda
सर्वोत्तम क्वालिटी शुद्ध तेल
प्रिज़र्वेटिव रहित • कृत्तिम रंग रहित
फायदे:
100+ YEARS LEGACY
रोगन बादाम तेल:
त्वचा एवं बालों को पोषण दे, तेज़ और सक्रिय दिमाग के लिए।
तिल तेल:
त्वचा को पोषण दे, रूसी दूर करे।
कोल्ड प्रेस्ड नीम तेल:
संक्रमण दूर कर त्वचा को स्वस्थ रखे।
कोल्ड प्रेस्ड एरण्ड तेल:
कब्ज़ से राहत दिलाए, त्वचा एवं बालों के लिए गुणकारी।
लौंग तेल:
दांत और मसूड़ों के दर्द एवं मुंह के छालों में लाभदायक।


www.baidyanath.com
Available at your nearby Ayurvedic & chemist stores
amazon Flipkart TATA 1mg
8745898114

@aparshakti_khurana



जब दर्शक हर तरह की भाषा और सिनेमा को अपनाने लगे हैं, तो ऐक्टर्स को एक से दूसरी दुनिया में क्यों नहीं जाना चाहिए?

अपारशक्ति खुराना

# 'एक नई भाषा को 30 की उम्र में सीखना बहुत मुश्किल था'

रूपा राधाकृष्णन

अपारशक्ति खुराना जल्द ही फिल्म रूट – रनिंग आउट ऑफ टाइम के साथ तमिल सिनेमा में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। उनका मानना है कि किसी नई भाषा पर पकड़ बनाने का कोई शॉर्टकट नहीं होता। वह कहते हैं, 'यह कई तरह की प्रक्रियाओं का मिक्स और मैच है। मैंने 30 की उम्र के बाद एक नई भाषा सीखी है, जो बहुत चुनौतीपूर्ण रहा। भाषा सीखने के लिए मुझे एक्स्ट्रा मेहनत करनी पड़ी। मुझे यकीन है कि जब दर्शक फिल्म देखेंगे, तो उन्हें लगेगा जैसे मुझे तमिल बहुत अच्छी तरह आती है।'

## 'नई भाषाओं में काम करने के लिए उत्साहित हूं'

आज के दौर में दर्शकों द्वारा भाषा की परवाह किए बिना सिनेमा को अपनाने पर अपारशक्ति कहते हैं, 'मैं फिल्म इंडस्ट्री के बीच की दूरियां खत्म होने और कलाकारों के अलग-अलग भाषाओं में काम करने से बेहद खुश हूं। हम सब भारत में रहते हैं और जब दर्शक हर तरह की भाषा और सिनेमा को पसंद करने लगे हैं, तो कलाकारों को एक दुनिया से दूसरी दुनिया में क्यों नहीं लिया जाना चाहिए? ऐक्टर, राइटर, डायरेक्टर और दर्शकों के लिए यह देखना काफी मजेदार होता है कि इस मेल से क्या नया निकलकर आता है। मैं खुद भी अलग-अलग भाषाओं में काम करने के लिए उत्साहित हूं।'

## 'एक्शन फिल्म कर रहा हूं'

अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में बताते हुए अपारशक्ति ने कहा, 'अभी मैं अपनी पहली ऐक्शन फिल्म गनमास्टर G9 की शूटिंग कर रहा हूं। इस साल मेरी एक और फिल्म बदतमीज गिल रिलीज होगी, जो एक पंजाबी परिवार की कहानी है। इसमें वाणी कपूर और मैं भाई-बहन के रोल में हैं, जबकि परेश रावल और शीबा चड्ढा हमारे माता-पिता का किरदार निभा रहे हैं। एक्शन फिल्म करने को लेकर मैं उत्साहित हूं। हमेशा से ऐसे रोल करने की इच्छा मुझे थी और अब मौका मिला है।'

## 'लगता है जैसे दंगल कल ही रिलीज़ हुई हो'

अपने फिल्मी सफर पर अपारशक्ति कहते हैं, 'ऐसा लगता है जैसे यह सब कल की ही बात हो। दंगल पर्दे पर आई और मेरी सालों की मेहनत आखिरकार सबके सामने दिखी। दंगल के लिए मिली तारीफें मेरे लिए बेहद भावुक कर देने वाली थीं। आज भी मेरे मन में फिल्म की रिलीज से पहले की स्क्रीनिंग, डबिंग सेशन, नैरेशन और शूट की यादें एकदम ताजा हैं।'

दंगल के लिए मिली तारीफें मेरे लिए बेहद भावुक कर देने वाली थीं। आज भी मेरे पास फिल्म की रिलीज से पहले की स्क्रीनिंग्स की बिलकुल साफ़ यादें हैं, जो मेरे जहन में आज भी ताजा हैं



दंगल के एक दृश्य में अपारशक्ति

# ट्रोलिंग पर अर्जुन के बचाव में आईं जाह्नवी

जाह्नवी कपूर ने सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग और खासकर अपने भाई अर्जुन कपूर को निशाना बनाए जाने पर खुलकर बात की है। एक हालिया इंटरव्यू में उन्होंने कहा, 'इंटरनेट की राय अब मेरे लिए पहले जितनी मायने नहीं रखती, लेकिन जब बात बुलीइंग और परेशान करने की हो, तो वह काफी तकलीफ देती है।'

जाह्नवी ने कहा कि सोशल मीडिया पर लोग व्यूज और वायरल होने के लिए किसी का भी नाम इस्तेमाल कर लेते हैं। उन्होंने कहा, 'अगर वे आपके बारे में कंटेंट बना रहे हैं, तो आप उनके लिए सिर्फ एक बलि का बकरा हैं। वे क्लिकबेट (नेगेटिव और भ्रामक ऑनलाइन कंटेंट) और लोगों तक पहुंचने के लिए आपका नाम इस्तेमाल कर रहे हैं। जब आप इसे इस नजर से देखते हैं, तो समझ आता है कि उनकी बातें आपसे जुड़ी नहीं होतीं।' हालांकि उन्होंने माना कि कई बार यह व्यवहार दिल दुखाता है। जाह्नवी बोलीं, 'गलत समझे जाने से दुख होता है। लेकिन जब यह बुलीइंग और हैरेसमेंट में बदल जाता है, जैसा मैंने कई बार अपने भाई के साथ होते देखा है, तो उसका कोई बहाना नहीं हो सकता। ऐसी हरकत बिल्कुल गलत है।'

अगर वे आपके बारे में कंटेंट बना रहे हैं, तो आप उनके लिए सिर्फ एक बलि का बकरा हैं। वे लोगों तक पहुंचने के लिए आपका नाम इस्तेमाल कर रहे हैं। जब आप इसे इस नजर से देखते हैं, तो समझ आता है कि उनकी बातें आपसे जुड़ी नहीं होतीं

@janhvikapoor




जाह्नवी भाई अर्जुन कपूर को लेकर मुखर दिखती हैं

# अक्षय-परेश की 'भागम भाग 2' की शूटिंग रुकी

Pics: Social Media

अक्षय कुमार की फिल्म भागम भाग 2 की शूटिंग फिलहाल रोक दी गई है। जानकारी के मुताबिक यह फैसला निर्माता एकता कपूर और निर्देशक राज शांडिल्य के बीच चल रहे कानूनी विवाद के कारण लिया गया है। फिल्म की शूटिंग 2 मार्च से शुरू होने वाली थी। इसके लिए लखनऊ समेत अन्य स्थानों में करीब 25 दिन का शेड्यूल तय किया गया था, जिसमें अक्षय कुमार के साथ मनोज बाजपेयी और परेश रावल भी हिस्सा लेने वाले थे। लेकिन कानूनी पेचीदगियों के चलते यह शेड्यूल रद्द कर दिया गया।

दरअसल एकता कपूर ने फिल्म के डायरेक्टर राज शांडिल्य पर कॉन्ट्रैक्ट तोड़ने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि राज ने एकता के साथ तीन फिल्मों का करार किया था, लेकिन राज ने बिना उनकी अनुमति के उनके बैनर के बाहर दो फिल्मों पर काम शुरू कर दिया। साथ ही उन्होंने इसके लिए न तो एनओसी ली और न ही पहले लिया गया एडवांस वापस किया। इसी मामले को लेकर राज शांडिल्य के साथ-साथ फिल्म के निर्माताओं को भी कानूनी नोटिस भेजा गया है, जिसके बाद शूटिंग रोकने का फैसला लिया गया। फिलहाल निर्माता इस विवाद को सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार अक्षय को भी शूटिंग शुरू होने से कुछ दिन पहले ही इस कानूनी विवाद की जानकारी मिली, जिससे पूरा प्रोजेक्ट फिलहाल ठंडे बस्ते में जाता दिख रहा है।



फिल्म भागम भाग 1 का एक दृश्य

@norafatehi

# शांति से दिक्कत है तो एक बार सोच लें: नोरा



नोरा फतेही ने मिडिल ईस्ट में बढ़ते अमेरिका-ईरान तनाव के बीच दुनिया में शांति की अपील करने पर हो रही ट्रोलिंग का करारा जवाब दिया है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक विडियो में नोरा ने कहा कि शांति और एकता की बात से अगर किसी को समस्या है, तो उसे अपने व्यवहार पर सोचने की जरूरत है।

नोरा ने ट्रोल्स को जवाब देते हुए कहा, 'आजकल सोशल मीडिया के कारण लोग सुनने और समझने की क्षमता खोते जा रहे हैं। अगर मैं दुनिया में शांति और एकता की बात करती हूं और किसी को इससे परेशानी होती है, तो नैतिक तौर पर कुछ गलत है। लोग बस रिएक्ट करने के लिए प्रतिक्रिया देते हैं।' उन्होंने आगे कहा 'लगातार हो रही वैश्विक घटनाओं और संकटों से लोग मानसिक रूप से थक चुके हैं। मैंने जो कहा, वह पूरे समाज की भावना को ध्यान में रखकर कहा था। अगर किसी को इससे गुस्सा आता है या वह परेशान हो जाता है, तो उसे खुद को जांचने की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'यह डरावना है कि आज की दुनिया में अगर आप शांति की बात करें तो लोग नाराज हो जाते हैं। लेकिन मुझे कोई डरा नहीं सकता, मैं हमेशा शांति की बात करती रहूंगी।'

# पेरिस फैशन वीक में दिखा प्रियंका चोपड़ा का जलवा

हाल ही में प्रियंका चोपड़ा ने अपने स्टाइल से एक बार फिर सबका ध्यान खींच लिया। पेरिस फैशन वीक 2026 में ऑटम-विंटर 2026-27 शो के दौरान प्रियंका ने मेन्सवियर से प्रेरित बोल्ड आउटफिट पहनकर फैशन जगत में अलग छाप छोड़ी।

इस शो में प्रियंका ने डिजाइनर जोनाथन एंडरसन के कलेक्शन से एक खास लुक चुना। उन्होंने ब्लैक फुल स्लीव टी-शर्ट के साथ स्ट्रक्चर्ड ब्लेजर और जैक्वार्ड फैब्रिक का खास डिजाइन वाला बॉटम पहना, जिसमें खूबसूरत कढ़ाई और फ्रिंज डिटेलिंग थी। यह कलेक्शन मशहूर फैशन डिजाइनर पॉल पोइरेट के क्लासिक डिजाइनों से प्रेरित बताया जा रहा है। प्रियंका ने अपने इस लुक को सिंपल रखते हुए ज्यादा एक्सेसरीज नहीं पहनीं। हल्के मेकअप व खुले वेवी बालों के साथ उन्होंने अपने आउटफिट को ही मुख्य आकर्षण बनने दिया।

## फैशन में एक्सपेरिमेंट के लिए जानी जाती हैं प्रियंका चोपड़ा

प्रियंका चोपड़ा लंबे समय से अपने अनोखे फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं। वह अक्सर ऐसे लुक्स अपनाती हैं जो ट्रडिशनल बाउंड्रीज को तोड़ते हैं और नए ट्रेंड सेट करते हैं। इन दिनों वह अपनी फिल्म के सिलसिले में भी अलग-अलग बोल्ड और एक्सपेरिमेंटल स्टाइल में नजर आ रही हैं। पेरिस फैशन वीक में उनका यह जेंडर-न्यूट्रल मेन्सवियर लुक इसी एक्सपेरिमेंटल सोच का हिस्सा माना जा रहा है। गौरतलब है कि यह खास फैशन शो पेरिस के ऐतिहासिक पार्क जार्डिन डेस टुइलरीज में आयोजित किया गया। इस मशहूर जगह को खास तौर पर एक खुले रनवे में बदल दिया गया था, जहां फैशन और प्रकृति का अनोखा मेल देखने को मिला। शो के निमंत्रण पत्र भी काफी खास थे। इनमें काई-हरे रंग की गार्डन चेयर का डिजाइन रखा गया था, जो इस ऐतिहासिक स्थान से इंस्पायर था।

@priyankachopra



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in